हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

27 नवम्बर 2025, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में टेस्ला इंडिया मोटर्स के देश के पहले ऑल इन वन केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा - हरियाणा सिर्फ एक बाज़ार नहीं, विनिर्माण की महाशक्ति है।

2. फरीदाबाद में बढ़ते प्रदूषण स्तर को देखते हुए ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू किया गया।

3. हिसार के लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय ने पनीर बनाने के बाद बचने वाले पानी से हेल्थ ड्रिंक तैयार किया - स्टार्टअप भी शुरू किए जा सकेंगे।

4. सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव कल चंडीगढ़ और मोहाली का दौरा करेंगे।

5. जींद ज़िले में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव सुषमा गुप्ता ने मंडल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सिर्फ एक बाज़ार नहीं है, यह विनिर्माण की महाशक्ति है। यह ऑटोमोबाइल, आई.टी. और अन्य उद्योगों का बड़ा केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि टेस्ला भारत में अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण संयंत्र हरियाणा में ही स्थापित करेगा और टेस्ला की अन्य संबंधित इकाइयां भी यहां लगेंगी।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में टेस्ला इंडिया मोटर्स के देश के पहले ऑल इन वन केंद्र का उद्घाटन करने उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, पटौदी की विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने टेस्ला इंडिया मोटर्स के केंद्र का उद्घाटन करने उपरांत अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा में उद्योगों की  कारोबार करने की लागत' को कम करने के लिए हरियाणा सरकार निरन्तर प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के तहत औद्योगिक प्लाटों के लिए विशेष 'लीजिंग

पॉलिसी' बनाई गई है। इसी क्रम में यहां स्थापित उद्योगों के साथ मिलकर लोकल सप्लाई चेन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशी कंपनियों और विदेशों से प्रभावशाली वार्तालाप के लिए हरियाणा सरकार ने विदेश सहयोग विभाग की स्थापना की है जो विदेशी निवेशकों के साथ लगातार सहयोग स्थापित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए एक 'इको-सिस्टम' तैयार किया है।

***************************************************************************

फरीदाबाद में बढ़ते प्रदूषण स्तर और लगातार खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए प्रशासन ने ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने पर यह निर्णय लिया गया। ग्रैप-3 लागू होने के साथ ही पूरे जिले में निर्माण और ध्वस्तीकरण से जुड़े धूल फैलाने वाले कार्यों पर रोक रहेगी। खुदाई, पाइलिंग, डेमोलिशन, सड़क निर्माण, खुली ट्रेंचिंग, आरएमसी प्लांट संचालन, ईंट-पत्थर ढुलाई जैसे कार्य अब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। केवल मेट्रो, रेलवे, अस्पताल, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं, पाइपलाइन, ट्रांसमिशन लाइन और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े निर्माण कार्यों को ही शर्तों के साथ अनुमति दी जाएगी। पत्थर क्रशरों और खनन गतिविधियों पर भी तत्काल रोक रहेगी। इसके अलावा BS-III पेट्रोल और BS-IV डीज़ल कारों के चलने पर भी सीमित प्रतिबंध लागू होंगे। ट्रैफिक पुलिस को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

***************************************************************************

लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज के वैज्ञानिकों ने पनीर बनाने के बाद बचने वाले पानी से हेल्थ ड्रिंक तैयार किया है। डॉ तेजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय इस हेल्थ ड्रिंक का उत्पाद तैयार करके बाजार में बेचने के इच्छुक उद्यमियों का पूरा मार्गदर्शन करेगा।

***************************************************************************

केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव कल चंडीगढ़ और मोहाली का दौरा करेंगे। वे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे और रेल्वे स्टेशन पर ही मीडिया से रूबरू होंगे। उसके बाद श्री वैष्णव साहिबजादा अजित सिंह नगर मोहाली में सेमी कन्डक्टर लाबोर्टरी का दौरा करेंगे।

**********************************************************************

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा अधिकारियों को अवैध नशीली दवाएं बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के दिए गए निर्देश की अनुपालना में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सिरसा जिला में कई मेडिकल स्टोर पर छापे मारे गए। नियमों की अवहेलना किए जाने के कारण 20 मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई।

हरियाणा राज्य औषधि नियंत्रक डॉ ललित गोयल ने बताया कि सिरसा जोन के वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी की देखरेख में 6 औषधि नियंत्रण अधिकारियों को जांच की जिम्मेवारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि सिरसा तथा डबवाली क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस अभियान में 29 दुकानों की जांच की गई।हालांकि इस जांच अभियान में कोई नशीली दवा तो बरामद नहीं हुई, लेकिन 20 मेडिकल स्टोरों में कुछ छोटे-मोटे नियम की उल्लंघना पाई गई। उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। इन मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**********************************************************************

जींद के जिला बाल भवन में आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव सुषमा गुप्ता ने तीन दिवसीय मंडल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोतिओं का शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में हिसार मंडल के अधीन आने वाले सभी जिलों के बच्चे भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं उनके अध्यापकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।
बोर्ड अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा है कि परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।उन्होंने बताया कि डीएलएड प्रवेश वर्ष 2022-24 प्रथम वर्ष की रि-अपीयर में 64.77 प्रतिशत और डीएलएड प्रवेश वर्ष 2023-25 प्रथम वर्ष की रि-अपीयर में 65.45 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि डीएलएड प्रवेश वर्ष 2024-26 प्रथम वर्ष की नियमित परीक्षा में पास प्रतिशत 66.09 प्रतिशत रहा। प्रदेशभर में कुल 23 हजार 628 छात्र-अध्यापकों ने डीएलएड की परीक्षा दी थी।
बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि 2025 की अध्यापक पात्रता परीक्षा अगले वर्ष जनवरी के दूसरे सप्ताह तक संचालित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड के 198 कच्चे कर्मचारियों को जल्दी बोर्ड कर्मचारी के रूप में समाहित किया जाएगा ।

*******************************************************************